कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा–माध्य/मा–ब/शिक्षक सम्मान 2018/2018 दिनांक :–27.08.18

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा ।

विषय :– राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह–2018 के वृह्द स्तर पर आयोजन के सम्बन्ध में ।

प्रसंग :– राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह–2018 हेतु शासन स्तर पर गठित आयोजन समिति की बैठक दिनांक : 22.08.2018 का बैठक कार्यवृत्त दिनांक : 23.08.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के पूर्व प्रेषित समसंख्यक पत्र दिनांक : 18.08.2018 द्वारा जिले में कार्यरत सभी शिक्षकों एवं कार्मिकों के परिचय पत्र बनाए जाने बाबत् निर्देश प्रदान किए गए हैं। शासन स्तर पर लिए गए निर्णय के क्रम में इस वर्ष 5 सितम्बर, 2018 को आयोज्य राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को वृह्द् स्तर पर मनाये जाने के निर्देशानुरूप प्रासंगिक बैठक कार्यवृत्त के अनुसार उक्त समारोह आयोजन हेतु आपके जिला क्षेत्राधिकार में नवनियुक्त शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने हेतु अग्रांकित निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें :–

1. पूर्व प्रदत्त निर्देशानुरूप समस्त नवनियुक्त शिक्षकों की समारोह में भागीदारी सुनिश्चित किए जाने हेतु उन्हें दिनांक : 04 सितम्बर, 2018 को कार्यमुक्त कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाने हेतु समस्त अधीनस्थ संस्था प्रधानों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें। इससे पूर्व इन समस्त शिक्षकों के परिचय पत्र निर्मित कर उन्हें सुपुर्द किए जाने की कार्यवाही के सम्बन्ध में निदेशालय स्तर पर नियुक्त जिला प्रभारी अधिकारी को सतत् प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।
2. राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह–2018 जयपुर स्थित अमरूदो का बाग में प्रात : 11:15 बजे प्रारम्भ होगा। उक्त बाबत् समस्त नवनियुक्त शिक्षकों के परिचय पत्र निर्माण, सुपुर्दगी एवं समारोह स्थल पर यथा समय उक्त समस्त शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने हेतु मार्गदर्शनार्थ एवं प्रबोधन हेतु अपने कार्यालय स्तर पर तत्काल नियंत्रण कक्ष स्थापित कर नियंत्रण कक्ष प्रभारी के नाम एवं मोबाईल नंबर से इस कार्यालय को आज ही अवगत करवाएं। निदेशालय स्तर पर नियुक्त जिला प्रभारी उस जिले के नियंत्रण कक्ष से सतत् सम्पर्क में रहेंगे।
3. उक्त सम्मान समारोह में दिसम्बर, 2013 के पश्चात् नवचयनित समस्त शिक्षकों द्वारा आवश्यक रूप से भागीदारी की जानी है। आप अपने स्तर पर परिवेदना का आंकलन कर नवचयनित शिक्षकों को समारोह में भाग लेने से मुक्त कर सकेंगे। इस श्रेणी में गर्भवती महिला, दिव्यांग, बीमारी, अन्य गंभीर आपात परिस्थिति होने पर समारोह में भाग लेने से मुक्त किया जा सकेगा।

www.rajteachers.com

4. समारोह में भाग लेने वाले संभागियों को सम्बन्धित आहरण–वितरण अधिकारी द्वारा नियमानुसार यात्रा भत्ता देय होगा। सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संभागियों के लिए 5 सितम्बर, 2018 को भोजन के पैकेट की व्यवस्था की जाएगी। भोजन पैकेट पर अधिकतम अनुमानित व्यय 120/– रू प्रति व्यक्ति रहेगा।
5. राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के अतिरिक्त जिला व ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जाने वाले समारोह इस वर्ष 5 सितम्बर के स्थान पर 2 अक्टूबर, 2018 को आयोजित किए जाएंगे। विद्यालय स्तर पर शिक्षक दिवस का आयोजन 5 सितम्बर को ही पूर्ववत् समारोह पूर्वक किया जाएगा।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा–माध्य/मा–ब/शिक्षक सम्मान 2018/2018 दिनांक :– 27.08.18

प्रतिलिपि:– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा विभाग, जयपुर।
2. आयुक्त सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
5. अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
6. समस्त उप निदेशक (माध्यमिक/प्रारंभिक)
7. रक्षित पत्रावली।

www.rajteachers.com

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर